नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 86/2021
Dt- 17-02-2021

प्रधान सचिव,
आपदा प्रबंधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— **मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड दीप पश्चिमी ग्राम में दिनांक 29.04.2018 को आये आँधी—तूफान के कारण पेड़ गिरने से हुई सामूहिक दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान हेतु आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

JKR
17/4/2021

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के अन्तर्गत लखनौर प्रखंड के दीप पश्चिमी ग्राम में दिनांक 29.04.2018 को आये आँधी—तूफान के कारण पेड़ गिरने से मृत तीन व्यक्तियों में से (1) बौअन मंडल, पिता—श्री सम्पत्ति मंडल, उम्र—55 वर्ष एवं (2) सुरेश मंडल, पिता— श्री ददू मंडल, उम्र—35 वर्ष दो व्यक्तियों को अनुदान की राशि नहीं मिल सका है। मृत्यु के पश्चात प्राकृतिक आपदा के कारण आश्रित को मिलने वाला अनुग्रह अनुदान राशि (4लाख+4लाख) कुल 8लाख रूपये का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है उक्त घटना के लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आवंटन राशि के अभाव में भुगतान नहीं मिलने से आश्रित को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में समाहरणालय, मधुबनी, (जिला आपदा प्रबंधन शाखा) के द्वारा अपने पत्रांक—06 मु0/आ0प्र0 दिनांक 18.08.2020 के माध्यम से आपको प्रेषित किया गया है। (पत्र—संलग्न)

अतः अनुरोध है कि उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अनुग्रह अनुदान राशि के भुगतान के लिए आवंटन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(संलग्न—यथोक्त!)

(नीतीश मिश्रा) 17.2.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in